हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

प्रथम सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः4

शुक्रवार, 12 जनवरी, 2018/22 पौष, 1939(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

समय : 11.00 बजे (पूर्वाह्न)

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, डॉ0 राजीव बिन्दल की अध्यक्षता में 11.00 बजे पूर्वाह्न आरम्भ हुई।

माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा

आज विश्व के महान सन्त स्वामी विवेकानन्द जी का जन्म दिवस है। दुनिया को भारतीय संस्कृति से और भारतीय संस्कृति का प्रकाश दुनिया में पहुंचाने वाले ऐसे महान व्यक्तित्व जिनकी प्रेरणा ले कर हमारा देश आजादी के लिए आगे बढ़ा, ऐसे महान सन्त विश्व गुरू की संज्ञा जिनको दी जा सकती है, आज उनका जन्म दिवस है। इस अवसर पर हम सदन में उपस्थित सभी प्रदेशवासियों को उनके जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभ कामनाएं देते हैं। अभी सदन के ही एक कक्ष में उनको माननीय सदन के नेता, राष्ट्रीय कांग्रेस विधायक दल के नेता व अन्य सभी माननीय सदस्यों ने पुष्पांजलि दी है।

राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव-चर्चा एवं पारणः

दिनांक 11 जनवरी, 2018 को **श्री राकेश पठानिया,** सदस्य द्वारा प्रस्तुत तथा **श्री इन्द्र सिंह**, सदस्य द्वारा अनुसमर्थित निम्न प्रस्ताव पर आगे चर्चा एवं पारणः-

> **"इस सदन में एकत्रित सदस्य, महामहिम राज्यपाल महोदय का दिनांक 10 जनवरी, 2018 को उन्हें सम्बोधित करने के लिए, ह्दय से आभार प्रकट करते हैं"**

निम्नलिखित ने चर्चा में भाग लियाः-

1. श्री रमेश चन्द ध्वाला
2. श्री राम लाल ठाकुर
3. श्री बिक्रम सिंह, माननीय उद्योग मन्त्री
4. श्रीमती आशा कुमारी

माननीय मुख्य मन्त्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

श्री मुकेश अग्निहोत्री, राष्ट्रीय कांग्रेस विधायक दल के नेता ने कुछ बिन्दुओं पर स्पष्टीकरण पूछा।
माननीय मुख्य मन्त्री ने उत्तर दिया।

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ किः

राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर निम्न शब्दों में उनकी सेवा में धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया जाएः-

> **"इस सदन में एकत्रित सदस्य, महामहिम राज्यपाल महोदय का दिनांक 10 जनवरी, 2018 को उन्हें सम्बोधित करने के लिए, ह्दय से आभार प्रकट करते हैं"**

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकार हुआ।

राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सत्र की समाप्ति पर कहा कि हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा का प्रथम सत्र समाप्ति पर है। इस सत्र में केवल मात्र 4 बैठकें हुई। सभा में तेरहवीं विधान सभा के नव-निर्वाचित सदस्यों को सामयिक अध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाई गई, तदोपरान्त सभा ने संविधान के अनुच्छेद 178 के अनुरूप जहां अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन किया वहीं राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर

धन्यवाद प्रस्ताव पर सारगर्भित चर्चा होने के उपरान्त उसे पारित कर दिया गया।

सभा की कार्यवाही के संचालन में जो सहयोग मुझे दोनों पक्षों से मिला, मैं उसके लिए इनका अत्यंत आभारी हूं। मैं सदन के नेता श्री जय राम ठाकुर जी का ह्दय की गहराइयों से शुक्रगुजार हूं वहीं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी विधायक दल के नेता श्री मुकेश अग्निहोत्री जी तथा अन्य सभी मन्त्रियों एवं विधायकों का धन्यवादी हूं और मुझे आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी मुझे कार्यवाही को संचालित करने में इसी प्रकार का पूर्ण सहयोग दोनों पक्षों से मिलता रहेगा।

इसी के साथ सभी विभिन्न विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों तथा विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों/कर्मचारियों का इतनी कम अवधि में कार्य को जिस प्रकार से संचालित किया, उसके लिए मैं इन सभी का धन्यवाद करता हूं। प्रेस के बन्धुओं और प्रिन्ट मीडिया के साथियों का भी मैं आभार प्रकट करता हूं। माननीय अध्यक्ष महोदय ने लोहड़ी, मकर सक्रान्ति तथा नव वर्ष के अवसर पर सदन के माननीय सदस्यों तथा प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभ कामनाएं दी।

(**राष्ट्रीय गीत गाया गया**)

अपराह्न 1.15 बजे सदन की बैठक अनिश्चित काल के लिए स्थगित हुई।